# <u>प्रेस नोट</u>

## <u>थाना नवाबाद, झाँसी</u>

**<u>दिनांक – 08.09.2026</u>**

- **झाँसी पुलिस की साइबर अपराध के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना नवाबाद की साइबर सेल टीम द्वारा साइबर फ्रॉड में हुई ठगी से पीड़ित के 28,51,864/- रुपए की धनराशि बरामद करायी गयी,**

कृपया अवगत कराना है कि साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु श्रीमान पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम उ0प्र0 लखनऊ श्री विनोद के0 सिंह के निर्देशानुसार तथा पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र झाँसी श्री आकाश कुलहरि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु आमजन, बच्चों एवं महिलाओं को जागरूक किए जाने तथा साइबर ठगी के पीड़ितों की धनराशि वापस कराए जाने के क्रम में आज दिनांक 08.09.2026 को थाना नवाबाद की साइबर सेल टीम द्वारा शिकायत संख्या 33106260125633 के आवेदक श्री अजय कुमार सिंह पुत्र स्व0 श्री बृजमोहन सिंह, निवासी 875, ध्यानचन्द हाउस, जैन डेयरी के पास, प्रेमगंज, सीपरी बाजार, झाँसी (उ0प्र0) के साथ हुई साइबर ठगी की कुल धनराशि ₹28,51,864 सफलतापूर्वक रिकवर कराई गई।

थाना नवाबाद की साइबर सेल टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी की उक्त धनराशि को संबंधित बैंक खातों में तत्काल होल्ड कराया गया। तत्पश्चात आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए ठगी गई सम्पूर्ण धनराशि आवेदक के पक्ष में सफलतापूर्वक रिफण्ड कराई गई। धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा झाँसी पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र प्रदान किया गया।

**<u>कुल बरामद की गयी धनराशि</u>** -28,51,864/- रुपये

**<u>बरामद करने वाली टीम का विवरण-</u>**

1-प्रभारी निरीक्षक श्री रवि श्रीवास्तव

1-उ0नि0 नवीन सिंह

2-म0का0 प्रिया चौंधरी

3-रि0का0 आकाश कनौंजिया